# म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

**वेबसाइट : www.esb.mp.gov.in**

वनरक्षक, क्षेत्ररक्षक, जेलप्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक भर्ती परीक्षा-2026

ऑनलाइन परीक्षा तिथि : 04-06-2026 से 20-06-2026 तक

परीक्षा परिणाम तिथि – 14 अगस्त, 2026

# म.प्र. कर्मचारी चयन मंडल,भोपाल

# वनरक्षक, क्षेत्ररक्षक, जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का परीक्षा परिणाम

1. सहायक जेल अधीक्षक, जेल प्रहरी के रिक्त पदों के 10 गुना मान एवं वनरक्षक, क्षेत्ररक्षक के रिक्त पदों के 05 गुना मान) के कुल 14950 अभ्यर्थी द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए पात्र हुए हैं।

2. ऑनलाइन परीक्षा के उपरांत मंडल द्वारा आदर्श उत्तर कुंजी वेबसाइट पर अपलोड कर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त अभ्यावेदनों पर अंतिम उत्तर समिति के विषय-विशेषज्ञों द्वारा समग्र रूप से विचार/अध्ययन कर उत्तरों को अंतिम रूप दिया गया, जिसके आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।

3. परीक्षा संबंधी नियम पुस्तिका में उल्लिखित नियमों के प्रकाश में परिणाम जारी किया जा रहा है।

4. नियम पुस्तिका में उल्लिखित नियमानुसार परिणाम वन/जेल विभाग/वन विकास निगम लिमिटेड को उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके आधार पर विभाग द्वारा द्वितीय चरण की कार्यवाही की जाएगी।

5. नियम पुस्तिका में उल्लिखित आरक्षण संबंधी समस्त नियमों के आधार पर रिक्त पदों की संख्या के अनुसार वन विभाग/वन विकास निगम लिमिटेड हेतु 05 गुना तथा जेल विभाग हेतु 10 गुना अभ्यर्थियों को मेरिट के अनुसार द्वितीय चरण के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

6. वन/जेल विभाग/वन विकास लिमिटेड के निर्देशानुसार परीक्षा परिणाम में सभी अभ्यर्थियों के प्राप्तांक नहीं दर्शाए गए हैं। चयन परीक्षा के समस्त चरण

14/8/25

सम्पन्न होने के पश्चात अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों का विवरण ईएसबी की वेबसाइट पर प्रदर्शित/उपलब्ध कराया जाएगा।

7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई श्रेणी, संवर्ग, लिंग, जन्मतिथि, मध्यप्रदेश के स्थायी निवासी होने तथा आवेदित पद से संबंधित जानकारियों के आधार पर वन/जेल विभाग/वन विकास निगम लिमिटेड के नियमानुसार परीक्षा परिणाम द्वितीय चरण की कार्यवाही के लिए तैयार किया गया है। वन/जेल विभाग/वन विकास निगम लिमिटेड द्वारा समस्त पदों के लिए द्वितीय चरण की कार्यवाही सम्पन्न की जाएगी।

8. ईएसबी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्रों के साथ अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार के दस्तावेज, अंकसूची, प्रमाण-पत्र आदि नहीं मांगे गए थे। अतः द्वितीय चरण के लिए योग्य आवेदकों की समस्त जानकारियों, दस्तावेजों, प्रमाण-पत्रों इत्यादि का सत्यापन एवं परीक्षण संबंधित विभाग स्तर से किया जाएगा।

9. परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी ईएसबी की वेबसाइट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है। वहाँ से अभ्यर्थी स्वयं का परीक्षा परिणाम तथा द्वितीय चरण हेतु पात्र आवेदकों की पीडीएफ प्राप्त कर सकते हैं।

10. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परिणाम में सुधार करने का अधिकार मंडल के पास सुरक्षित रहेगा।

भोपाल

दिनांक: 14/8/26

14/8/26

नियंत्रक,

कर्मचारी चयन मण्डल,

भोपाल

14/8/26